**-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 01.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-**

आज दिनांक 01.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में सभी शाखा अधिकारियों, कर्मचारियों व उपस्थित आईपी के साथ स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन रजिस्ट्रेशन हाल मे 11 बजे किया गया जिसमे 32 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।

इस संबंध में ESIC अस्पताल के भवन में लाइटिंग व रोशनी की गई। स्वच्छता नोडल द्वारा सभी शाखा अधिकारियों को सम्पूर्ण पखवाड़े की गतिविधियाओं की दिनांकवार पत्र भी जारी कर स्वच्छता पखवाड़े -2023 की जानकारी देते हुए अपने अपने कार्य की दैनिक रिपोर्ट जनसंपर्क शाखा को प्रेषित किए जाने के निर्देश भी प्रदान किए गए।








## -: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 02.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-

आज दिनांक 02.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में कार्यालय अधीक्षक के साथ अस्पताल में आज वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया जिसमे मन्त्रालयिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया । जिसमें कार्यालय अधीक्षक ने बताया कि स्वच्छता का मतलब गंदगी साफ करना ही नहीं होता है बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से वातावरण को भी वृक्षारोपण कर स्वच्छ बनाए रखने की अति आवश्यकता हैं क्योंकि लगातार वायु प्रदूषण व ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती जा रहीं हैं इसलिए इस पृथ्वी को हम सबको मिलकर हर वर्ष पेड़ पौधे लगाकर हराभरा व खुशहाल करने का दायित्व भी हमारा ही हैं। इसी दौरान आज अस्पताल के गार्डन व गलियारे में पौधे व गमलों इत्यादि की भी साफ सफाई व सुंदरता बढ़ाने हेतु कटिंग की गई।













## -: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 03.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-

आज दिनांक 03.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में बिल्डिंग की छतों व वाटर टैंक की साफ सफाई करवाई गई।










**<u>-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 04.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-</u>**

आज दिनांक 04.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में में बायो मेडीकल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सभी नर्सिंग संवर्ग, हाउस  कीपिंग स्टाफ व कर्मचारियों को जागरूक किया गया और बताया गया कि बायो मेडीकल अपशिष्ट को किस प्रकार व सावधानी से निस्तारित किया जाना चाहिए। अस्पताल में बीएमडबल्यू के लिए एजेंसी नियमितरूप से इसका निस्तारण करती हैं। इसी के साथ बीएमडबल्यू हेतु अस्पताल में पोस्टर व डस्टबिन रखवाए गए ताकि संक्रमण का खतरा ना हो।






Bio - Medical Waste Management
INFECTIOUS WASTE (PLASTIC)
Used and Disposable plastic item like...
• Blood Bags
• Infectious I.V. sets
• Infectious plastic tubing
• Rubber catheters
• Cut plastic / latex gloves
INFECTIOUS SHARP WASTE
• Glass Bottles
• Glass Ampoules
• Injection Vials
RECYCLABLE WASTE
• Office stationery
• Disposable Paper cup
• Tissue paper used for Domestic Purpose
• Kitchen Waste
INFECTIOUS WASTE (NON PLASTIC)
• Infectious dressing Material
• Discarded / expired drugs
• Personal Protective equipment


Used and Disposable plastic item like...
• Blood Bags
• Infectious I.V. sets
• Infectious plastic tubing
• Rubber catheters
• Cut plastic / latex gloves

**<u>-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 05.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-</u>**

आज दिनांक 05.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में परिसर में बगीचों/गार्डन की साफ सफाई, पानी से सिंचाई एवं सुंदरता हेतु पौधों की कटाई छटाई की गई।






**-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 06.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-**

आज दिनांक 06.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर में पंखे, एसी, डीजी सेट, फोटोकापी मशीन, कंप्युटर, प्रिंटर आदि सहित इलेक्ट्रिक व ईलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की सफाई/सर्विसिंग। ट्रांसफॉर्मर,एलटी पैनल, चीलर प्लांट , एसी नलिकाओं आदि की साफ सफ़ाई की समीक्षा करना और ढीलें पड़े तारों (टेलीफोन, इलेक्ट्रिकल, कंप्युटर आदि) को उचित रूप से व्यवस्थित किए गए।



















McQuay
AI QUAD CAMERA
Shot by Photography S Y







**-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 08.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-**

आज दिनांक 08.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर में अस्पताल परिसर,कॉरीडोर एवं वार्डों में गमलों का रख रखाव व साफ सफाई की गई ताकि अस्पताल में सुंदरता सहित सकारात्मक वातावरण रहें।

















**<u>-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 09.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-</u>**

आज दिनांक 09.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर में स्वास्थ्य जांच जागरूकता मे स्वच्छता के फ़ायदों पर चर्चा की गई और हेल्थ टॉक का सेशन रखा गया जिसमे आहारविद द्वारा संचालन किया और डिस्पेंसरी 01 अंकलेश्वर में सभी स्टाफ व DCBO प्रबंधक के साथ स्वच्छता व सभी आईपी / बीमित व्यक्तियों को जागरूक करने के बारे में जानकारी प्रदान की गईं।








**-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 10.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-**


क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर में दिनांक 10.05.2023 को वित्त शाखा, निर्माण शाखा, सामान्य शाखा एवं प्रशासन शाखा में फाइल व अन्य अनुपयोगी फाइल को व्यस्थित कर व weeding out कर कार्यालय को साफ सुथरा बनाया गया। मेडीकल स्टोर में पड़े अनुपयोगी मेडिसीन के बॉक्सों को भी नीलमी ई ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू की गई।








19



**-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 11.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-**


क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर में प्रशासन शाखा, आरटीआई शाखा,वित्त शाखा, निर्माण शाखा एवं सामान्य शाखा में सभी दराजों, अलमारी व अन्य अनुपयोगी फाइल/ सामग्री को हटाकर व्यस्थित कर कार्यालय स्वच्छ बनाया गया।









**<u>-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 12.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-</u>**

आज दिनांक 12.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में राजभाषा कार्यालय में सभी पुस्तकों को व्यवस्थित कर साफ सफाई की गई और उनको नए रेक में जमाई गई।





**-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 13.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-**

आज दिनांक 13.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में चिकित्सा अधीक्षक महोदय के चेम्बर में स्वच्छता से संबंधित चिकित्सकों को सभी वार्डों में हाईजीन वातावरण के बारे मे बताया और सतर्कता जागरूकता के संबंध में जानकारी साझा की। पखवाड़े में अस्पताल गेलेरी, कॉरीडोर, स्टाफ कॉर्टर परिसर की साफ सफाई की गई।














**-: स्वच्छता पखवाड़ा -2023 के दौरान दिनांक 15.05.2023 को की गई गतिविधियों की झलकियां :-**

आज दिनांक 15.05.2023 को क रा बी नि अस्पताल अंकलेश्वर में चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में स्वच्छता पखवाड़ा -2023 का समापन कार्यक्रम रखा गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि साफ सफाई रखने से आधे से ज्यादा संक्रमण का खतरा कम हो जाता हैं जेसे कोविड -19 में आप सभी ने इसका महत्त्व अच्छे से समझा होगा। स्वच्छता नोडल अधिकारी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के दौरान की गई गतिविधियों का रिव्यू किया और बताया कि यह पखवाड़ा केवल स्वच्छता शाखा व सामान्य शाखा का ही नहीं हैं बल्कि हम सभी का सामूहिक प्रयास ही इसे सफल बनाता हैं और ये केवल 15 दिन नहीं बल्कि अनवरत प्रक्रिया हैं जिसे वर्षभर जारी रखना होता हैं। इस दौरान चिकित्सक, नर्सिंग संवर्ग, पैरामेडिकल संवर्ग व मन्त्रालयिक कर्मचारियों ने भाग लिया।






खवाड़ा -2023
समारोह
अपनाएं,
बढ़ाएँ

